मुझे चढ़ गया राधा रंग | By Shri Radhey Das Gaurav

मुझे चढ़ गया राधा रंग रंग चढ़ गया राधा रंग
राधा नाम के रंग में रंग गई ब्रिजवासिन के संग
मुझे चढ़ गया राधा रंग रंग .....

अपने श्री चरणों में प्यारी मेरी प्रीत जगा दे
राधा राधा नाम रटूं मैं ऐसी लगन लगा दे
राधा नाम की मस्ती में मैं हो जाऊं मस्त मलंग
मुझे चढ़ गया राधा रंग रंग .....

बरसाने की ऊँची अटारी जहाँ बिराजे श्यामा प्यारी
करुणामयी कृपामई मेरी राधे जग से न्यारी
राधा नाम की धुन पर नाची सब रसकन के संग
मुझे चढ़ गया राधा रंग रंग .....

तू है छैल छबीली तेरी प्रीतम कुञ्ज बिहारी
तू है चंद्र चकोरी तेरी लीला जग से न्यारी
मेरे मन मंदिर में बैठो निज प्रीतम के संग
मुझे चढ़ गया राधा रंग रंग .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%a2%e0%a4%bc-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-by-shri-radhey-das-gaurav/